# न्यायालय जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

## पीठासीन अधिकारी – पीयुष समारिया (आई.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| 023/2021 (रे.अ.)<br>(GCMS 2021/478) | 29.11.2023 | 19.09.2023 |

**अनवान**

1. मगनीराम पिता प्यारचंद जाति डांगी उम्र वयस्क निवासी शम्भुपुरा तहसील व जिला चित्तौड़गढ़।
2. भंवरलाल पिता मांगीलाल जाति डांगी उम्र वयस्क निवासी शम्भुपुरा तहसील व जिला चित्तौड़गढ़।
3. चुन्नीलाल पिता मांगीलाल जाति डांगी उम्र वयस्क निवासी शम्भुपुरा तहसील व जिला चित्तौड़गढ़।

**अपीलार्थीगण**

**बनाम**

राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार चित्तौड़गढ़ तहसील व जिला चित्तौड़गढ़।

**प्रत्यर्थी**

उपस्थिति :– रतन कुमावत — अपीलार्थी
भैरूलाल सालवी (राजकीय अधिवक्ता) — प्रत्यर्थी

**विरूद्ध बनाराजगी एवं निर्णय आदेश दिनांक 30.09.2021 प्रकरण संख्या 514/2021 एल.आर. एक्ट अनवानी पटवार हल्का शम्भुपुरा बनाम मगनीराम वगैराह**

## –:: निर्णय ::–

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि अपीलार्थीगण ने अपील अन्तर्गत धारा 75 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत विरूद्ध प्रत्यर्थी के प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थीगण का ग्राम शम्भूपुरा पटवार हल्का शम्भूपुरा तहसील व जिला चित्तौड़गढ़ के आराजी नम्बर 351, 348/671 किस्म बिलानाम रकबा 0.20 हैक्टेयर व 0.20 हैक्टेयर कुलिया 0.40 हैक्टेयर पर पुश्तैनी रुप से काबिज होकर काश्त करते चले आ रहे हैं। उक्त आराजीयात अपीलार्थीगण को विरासत पुश्तैनी रूप से मिली हैं, जिसकी रसीदे भी अपीलार्थीगण के पास हैं। अपीलार्थीगण का उक्त आराजीयात पर व्यवस्थित व स्थापित कब्जा हैं जो कि पुश्तैनी रूप से हैं। जिसका निर्बाध रूप से उपयोग–उपभोग करते चले आ रहे है जो विगत 50–60 वर्षो से है। इसलिए अपीलार्थीगण ने सरकार व अन्य के विरुद्ध बेदखली के विरुद्ध बेहतर अधिकार अर्जित कर लिया है। इसलिए अपीलार्थीगण उक्त आराजीयात को नियमन में खातेदारी में

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्राप्त करने के राजस्थान टिनेन्सी अधिनियम व राजस्थान टिनेन्सी सरकारी नियम 1955 के तहत नियमन के अधिकारी है। इसलिए अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय आदेश निरस्त किये जाने योग्य है। अधीनस्थ न्यायालय ने अपीलार्थीगण के 50–60 वर्ष के पुश्तैनी कब्जे को दरकिनार किया है अपीलार्थीगण ने एवं उनके पूर्वजों ने काफी अंग मेहनत से उक्त भूमि को कृषि योग्य बनाया आबाद किया मेड बंदी की तथा काली मिट्टी डलवायी एवं उक्त आराजीयात पर पुश्तैनी मकान में निवास कर रहे हैं। उक्त एक मात्र ही अपीलार्थीगण का 50–60 वर्ष पुराना पुश्तैनी मकान उक्त आराजीयात में स्थित है। जिससे अपीलार्थीगण ने सरकारी नियमों एवं अधिनियमों के कल्याणकारी उपबंधों के तहत नियमन एवं आवन्टन के पात्र है। इसलिए अपीलार्थीगण ने पुश्तैनी व्यवस्थित कब्जे के आधार पर सरकार एवं अन्य के विरुद्ध बेहतर स्वत्व खातेदारी अधिकार एवं मकान के पट्टे अधिकार अर्जित कर लिये है। इसलिए अधीनस्थ न्यायालय के बेदखली आदेश त्रुटिपूर्ण होने से निरस्ती योग्य है एवं अपीलार्थीगण नियमन आवन्टन व पट्टा प्राप्ति के अधिकारी घोषित किये जाकर अपीलार्थीगण को आवन्टन नियमन व पट्टा दिलाये जाने के अधीनस्थ न्यायालय को निर्देशित फरमाया जाना न्यायोचित है। अंत में प्रार्थना की गई कि अपील अपीलार्थीगण स्वीकार फरमाया जाकर अधीनस्थ न्यायालय के अविवेकीय त्रुटिपूर्ण निर्णय आदेश को खारीज फरमाया जाकर अधीनस्थ न्यायालय को अपीलार्थीगण नियमन आवन्टन व पट्टा प्राप्ति के अधिकारी घोषित किये जाकर अपीलार्थीगण को आवन्टन नियमन व पट्टा दिलाये जाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधीनस्थ न्यायालय को प्रदान फरमाया जावे।

इस पर अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रत्यर्थी को जरिये नोटिस के तलब किया गया। प्रत्यर्थी की और से राजकीय अधिवक्ता हाजिर आये। अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख तलब किया गया। इस पर तहसीलदार चित्तौड़गढ़ के पत्रांक/राजस्व/2021/1690 दिनांक 14.12.2021 से से उनकी मूल पत्रावली संख्या 514/2021 निर्णय दिनांक 30.09.2021 अनवानी सरकार बनाम मगनीराम पिता प्यारचन्द डांगी निवासी शम्भुपुरा वगैराह अन्तर्गत धारा 91 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 को प्रेषित की गई जो कि रिकार्ड पर होकर पत्रावली के हम किता है। दिनांक 19.09.2023 को राजकीय अधिवक्ता ने प्रकरण में सीधे बहस किये जाने का निवेदन किया। इस पर उभयपक्ष की सहमति से स्थगन प्रार्थना–पत्र पर कार्यवाही ड्रॉप कर प्रकरण को सीधे बहस पत्रावली हेतु रखा गया।

दिनांक 19.09.2023 को अधिवक्ता अपीलार्थी एवं राजकीय अधिवक्ता द्वारा की गई बहस मियाद प्रार्थना–पत्र एवं गुणावगुण पर उभयपक्ष को सुना गया। अधिवक्ता अपीलार्थी ने मियाद प्रार्थना–पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराया एवं निवेदन किया कि प्रकरण में प्रार्थी/अपीलार्थी को दिनांक 30.09.2021 के निर्णय की कोई जानकारी नहीं थी। उक्त प्रकरण में सर्वप्रथम जानकारी दिनांक 23.11.2021 को हल्का पटवारी शम्भुपुरा ने निर्णय होने की जानकारी दी उसी दिन न्यायालय तहसीलदार के यहां आकर प्रार्थीगण

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

